Series HPK56KE/C

**SET~4**

*Code No.* **69**

*Roll No.*

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

**NOTE :**

(i) Please check that this question paper contains **7** printed pages.

(ii) Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) Please check that this question paper contains **36** questions.

(iv) Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.

(v) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# HOME SCIENCE (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii) There are total* ***36*** *questions.*

*(iii) Question paper is divided into* ***three*** *sections — A, B and C.*

*(iv)* ***Section A*** *has question nos.* ***1 – 14*** *are objective type questions and of* ***1*** *mark each.*

*(v)* ***Section B*** *has question nos.* ***15 – 21*** *(case study based multiple choice questions) and are of* ***1*** *mark each.*

*(vi)* ***Section C*** *has question nos.* ***22 – 27*** *of* ***2*** *marks each, question nos.* ***28 and 29*** *of* ***3*** *marks each, question nos.* ***30 – 33*** *of* ***4*** *marks each and question nos.* ***34 – 36*** *of* ***5*** *marks each,*

*(vii) Internal choices are given in some questions.*

*(viii) Support your answers with suitable examples wherever required.*

## SECTION A
## Objective Type Questions

**1.** Mr. Mahajan's room geyser is not working. At which stage of the guest cycle will the hotel staff attend to his complaint ? *1*

(A) Arrival

(B) Departure

(C) Pre-arrival

(D) Occupancy

**2.** According to the Factories Act, 1948 there should be provision of ___________ in the factory. *1*

(A) potable water

(B) shade

(C) crèche for young children

(D) protection for women

**3.** Eighty-year-old Mr. Sharma lives in a remote rural area. For medical care he can seek help from : *1*

(A) Day care centres

(B) Mobile medicare centres

(C) Multiple service centres

(D) Old age home

**4.** (a) Who introduced the foot treadle for the sewing machine ? *1*

(A) Isaac Singer

(B) Levis Strauss

(C) King Louis XIV

(D) Coco Chanel

**OR**

(b) Who introduced denim pants ? *1*

(A) Isaac Singer

(B) Levis Strauss

(C) King Louis XIV

(D) Coco Chanel

**5.** Your brother is wearing a blue tie with white shirt and black pant. What is the colour scheme of his outfit ? *1*

(A) Accented neutral

(B) Monochromatic

(C) Achromatic

(D) Analogous

**6.** (a) Your brother has not gained height since past five years and hence is the shortest boy in his class. His condition is known as : *1*

(A) Stunting

(B) Wasting

(C) Underweight

(D) Obesity

**OR**

(b) Your sister is very tall but her weight is below average. Her condition is known as : *1*

(A) Stunting

(B) Wasting

(C) Underweight

(D) Obesity

**7.** Spinning in washing machines is meant to : *1*

(A) dry the clothes

(B) rinse clothes

(C) extract water from clothes

(D) wash and dry clothes

**8.** Public Service Announcements (PSA) are repeatedly shown for how many seconds on your television ? *1*

(A) 10 to 50 seconds

(B) 10 to 60 seconds

(C) 15 to 30 seconds

(D) 30 to 60 seconds


**9.** (a) Ergonomics is the relationship between man, __________ and his __________ . *1*

**OR**

(b) Besides a good salary, an employer can ensure job satisfaction in his employees by __________ and __________ . *1*

**10.** Aim of Red Ribbon Express was to spread awareness on the issue of __________ . *1*

**11.** (a) Identify the craft. Name the Indian State where it is made. *1*



**OR**

(b) Identify this craft. In which State is it popular ? *1*



***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q.No. 11.*

(a) Which craft is popular in Assam ? *1*

**OR**

(b) Name a popular craft made in Karnataka. *1*

**12.** Draw a standard mark found in pure gold jewellery. *1*

**13.** What are the two main objectives of SEWA ? *1*

**14.** (a) Name any two high risk foods. *1*

**OR**

(b) Research in the field of food technology has been conducted for decades. Nicolas Appert developed ____________ process. *1*

**SECTION B**
**(Case study based questions)**

Case study 1 (Q. No. 15 to 18)

Consumers are the primary component of a socio-economic system. As the purchasing power increases, people tend to purchase products that will give satisfaction and a symbol of prestige. But many a times they end up buying substandard goods and get cheated by the shopkeepers. For this, they must exercise their right to redressal.

**15.** What do you understand by consumer footfall ? *1*

(A) Behaviour of consumers
(B) Number of products
(C) Number of consumers visiting a store
(D) Consumer product

**16.** Which standard mark should consumers check while buying a bottle of mineral water ? *1*

(A) ISI
(B) FPO
(C) AGMARK
(D) AGMARK and FPO

**17.** Right to redressal means consumers have right to : *1*

i. be protected against hazardous goods

ii. be informed about quality of product

iii. fair settlement of his genuine grievance

iv. receive compensation

Select the correct option :

(A) i and ii

(B) iii and iv

(C) iv and i

(D) ii and iii

**18.** Which of these malpractices can vendors adopt to cheat their customers ? *1*

i. Standard mark has license number

ii. Weights are hollow

iii. Measures have false bottom

iv. Charge not more than MRP

v. Use table to measure cloth

Select the correct option :

(A) i, iv and ii

(B) iii, iv and ii

(C) iv, v and i

(D) ii, v and iii

Case study 2 (Q. No. 19 to 21)

The professional clinical nutritionist uses a systematic and logical approach to the nutrition care process, focusing on each patient's needs. Besides this, nutrition and diet therapy are used to improve the overall health of patients with a wide range of conditions.

**19.** (a) Your friend is suffering from kidney failure. The dietitian will not give him diet : *1*

(A) low in fat

(B) rich in oxalate

(C) low in sodium

(D) low in protein

**OR**

(b) Your friend is suffering from hypertension. The dietitian will give him diet low in : *1*

(A) calcium

(B) protein

(C) iron

(D) sodium

**20.** (a) The dietitian has asked you to give soft diet to your brother. What will you serve him ? *1*

(A) Fruit juice

(B) Khichri

(C) Butter milk

(D) Coconut water

**OR**

(b) Your mother has been operated yesterday. The dietitian has asked to give her liquid diet. You will give : *1*

(A) thick tomato soup

(B) thin khichri

(C) fresh orange juice

(D) strained daal soup

**21.** Mechanical diets are suggested by the dietitian to elderly patients who have _________ . *1*

(A) difficulty in chewing

(B) constipation

(C) hypertension

(D) diarrhoea

## SECTION C

**22.** Briefly explain the two aspects of care and maintenance of fabrics. *2*

**23.** Mention any two challenges faced by handicrafts industry. In what two ways is the government trying to help revive this industry ? *2*

**24.** (a) Explain the role of HACCP in ensuring food safety and quality. *2*

**OR**

(b) Differentiate between CODEX and ISO. *2*

**25.** (a) Write any four salient features of development communication. *2*

**OR**

(b) What do you understand by a campaign ? Why are they effective ? *2*

**26.** Which four skills would you check before hiring an early childhood professional ? *2*

**27.** You are a clinical therapist in a hospital. Which four activities would you adopt for nutritional care of patients ? *2*

**28.** The primary objective of early childhood care and education is the holistic development of the child and preparation for school. Justify this statement with the help of three examples each. *3*

**29.** (a) Differentiate between the laundry procedures of hotel and hospital laundries. *3*

**OR**

(b) (i) How do the clothes get cleaned by agitation and tumbling methods in washing machines ?

(ii) Which type of drier would you choose for your home ? Why ? *3*

**30.** (a) Illustrate any two ways of creating rhythm in sari and blouse dress, with the help of diagram.

(b) Suggest a suitable print and texture of a salwar kameez for a girl who is short in height.

(c) Briefly explain any four factors that you keep in mind while selecting colours for your dress. *4*

**31.** (a) All children are vulnerable, but some children are more vulnerable than others. What can be its four reasons ? In what four ways does SOS Village help these children ? *4*

**OR**

(b) Identify any four causes of youth being vulnerable in India. In what four ways does Nehru Yuva Kendra help these youth ? *4*

**32.** Identify four ways *Staphylococcus* can cause illness in your family. Suggest any four ways to your cook to prevent this infection. *4*

**33.** Suresh has got appointed as an assistant housekeeper. Who all will work under him ? What responsibilities would he assign to each one of them ? *4*

**34.** What do you understand by the following foods ? Give one example of each. *5*

(a) Formulated foods

(b) Synthetic foods

(c) Food derivatives

(d) Medical foods

(e) Manufactured foods

**35.** As a health worker, you noticed that most of the children in the village have pale yellowish skin.

(a) What do you think they are suffering from ?

(b) Mention any three additional consequences on their health, if they are not given timely treatment.

(c) Make their parents aware of nutrition-based and diet-based strategies so that they can improve the health of their children.

(d) What two government programmes are operational in our country, for such children ? *5*

**36.** (a) (i) Merchandising is done at which three levels ? Explain in detail.

(ii) What two skills should a merchandiser possess, to be successful ? *5*

**OR**

(b) (i) What do you understand by target market ?

(ii) In what four ways can the market be segmented ? Explain in detail. *5*

**Series HPK56/C** **SET~4**

कोड नं. **69**

रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **36** प्रश्न हैं ।

(iv) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 70*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न–पत्र में कुल **36** प्रश्न हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न–पत्र **तीन** खण्डों में विभाजित है – क, ख और ग ।*

*(iv)* ***खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1 – 14** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(v)* ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **15 – 21** (केस स्टडी आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न), प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(vi)* ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **22 – 27** तक प्रत्येक प्रश्न **2** अंक के, प्रश्न संख्या **28** और **29** प्रत्येक प्रश्न **3** अंक के, प्रश्न संख्या **30 – 33** तक प्रत्येक प्रश्न **4** अंक के और प्रश्न संख्या **34 – 36** तक प्रत्येक प्रश्न **5** अंक के हैं ।*

*(vii)* *कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।*

*(viii)* *जहाँ आवश्यक हो, उपयुक्त उदाहरणों सहित अपने उत्तरों की पुष्टि कीजिए ।*

## खण्ड क

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** श्री महाजन के कमरे का गीज़र काम नहीं कर रहा है । होटल के कार्मिक उनकी शिकायत पर कार्यवाही, अतिथि चक्र (guest cycle) के कौन-से चरण में करेंगे ? *1*

(A) आगमन

(B) प्रस्थान

(C) आगमन-पूर्व अवस्था

(D) कमरे का आधिपत्य

**2.** फैक्टरी अधिनियम, 1948 के अनुसार, फैक्टरी में _________ का प्रावधान होना चाहिए । *1*

(A) पेय जल

(B) छाया

(C) छोटे बच्चों के लिए शिशुसदन

(D) महिलाओं की सुरक्षा

**3.** अस्सी-वर्षीय श्री शर्मा एक सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में रहते हैं । चिकित्सा देखभाल के लिए, वह कहाँ से मदद ले सकते हैं ? *1*

(A) दैनिक देखभाल केन्द्र (डे-केयर सेंटर)

(B) मोबाइल चिकित्सा देखभाल केन्द्र

(C) अनेक (बहु) सेवा केन्द्र

(D) वृद्धावस्था सदन

**4.** (a) सिलाई मशीन को पैरों से चलाने के लिए पाँव-चक्की (ट्रेडल) किसने विकसित की ? *1*

(A) इसाक सिंगर

(B) लेवी स्ट्रॉस

(C) सम्राट लुइस XIV

(D) कोको शनेल

**अथवा**

(b) डेनिम पैंट बनाने के लिए किसने पहल की ? *1*

(A) इसाक सिंगर

(B) लेवी स्ट्रॉस

(C) सम्राट लुइस XIV

(D) कोको शनेल

**5.** आपके भाई ने सफ़ेद शर्ट और काली पैंट के साथ नीली टाई पहनी हुई है । उसके पोशाक की रंग योजना क्या है ? *1*

(A) विशिष्टतापूर्ण तटस्थ (Accented Neutral)

(B) एकवर्णी सुमेल (Monochromatic)

(C) अवर्णी सुमेल (Achromatic)

(D) अनुरूप (Analogous)

**6.** (a) पिछले पाँच वर्ष से आपके भाई का कद बढ़ा ही नहीं, और इसके कारण अपनी कक्षा में उसका कद सबसे कम है । उसकी इस अवस्था को क्या कहा जाता है ? *1*

(A) बौनापन

(B) क्षयकारी

(C) अल्पभार

(D) मोटापन

**अथवा**

(b) आपकी बहन बहुत लंबी है लेकिन उसका वज़न औसत से कम है । उसकी उस अवस्था को क्या कहा जाता है ? *1*

(A) बौनापन

(B) क्षयकारी

(C) अल्पभार

(D) मोटापन

**7.** वाशिंग मशीनों में चक्रण का उद्देश्य क्या है ? *1*

(A) कपड़ों को सुखाना

(B) कपड़े को खंगालना

(C) कपड़ों से पानी निकालना

(D) कपड़े धोना और सुखाना

**8.** सार्वजनिक सेवा घोषणाएँ (PSA) बार-बार आपके टेलीविज़न पर कितने सेकंड के लिए दिखाई जाती हैं ? *1*

(A) 10 से 50 सेकंड

(B) 10 से 60 सेकंड

(C) 15 से 30 सेकंड

(D) 30 से 60 सेकंड


**9.** (a) मनुष्य, __________ और उसके __________ के बीच संबंध को अर्गोनोमिक्स (Ergonomics) कहते हैं । *1*

**अथवा**

(b) एक अच्छे वेतन के अतिरिक्त, एक नियोक्ता, अपने कर्मचारियों में नौकरी की संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए __________ और __________ कर सकता है । *1*

**10.** रेड रिबन एक्सप्रेस का उद्देश्य __________ के मुद्दे पर जागरूकता फैलाना था । *1*

**11.** (a) इस शिल्प को पहचानिए । यह भारत के कौन-से प्रांत में बनाया जाता है ? *1*



**अथवा**

(b) इस शिल्प की पहचान कीजिए । यह किस प्रांत में लोकप्रिय है ? *1*



***नोट*** *: निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 11 के स्थान पर है ।*

(क) असम में कौन-सा शिल्प लोकप्रिय है ? *1*

**अथवा**

(ख) कर्नाटक में बनाए गए एक लोकप्रिय शिल्प का नाम बताइए । *1*

**12.** शुद्ध सोने के आभूषणों पर बने मानक चिह्न का चित्र बनाइए । *1*

**13.** सेवा (SEWA) के दो मुख्य उद्देश्य क्या हैं ? *1*

**14.** (a) किन्हीं दो अत्यधिक जोखिम वाले खाद्य पदार्थों (high risk foods) के नाम बताइए । *1*

**अथवा**

(b) दशकों से खाद्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान किए गए हैं । निकोलस अप्पर्ट (Nicolas Appert) ने ___________ प्रक्रिया का विकास किया । *1*

## खण्ड ख
## (केस स्टडी आधारित प्रश्न)

केस स्टडी 1 (प्र.सं. 15 से 18)

उपभोक्ता एक सामाजिक-आर्थिक प्रणाली के प्राथमिक घटक हैं । जैसे-जैसे क्रय शक्ति बढ़ती है, लोग ऐसे उत्पादों की खरीद करते हैं जो संतुष्टि देते हैं और प्रतिष्ठा का प्रतीक बनते हैं । लेकिन कई बार वे घटिया सामान खरीदते हैं और दुकानदारों से धोखा खा जाते हैं । इसके लिए उन्हें अपने निवारण के अधिकार का प्रयोग करना चाहिए ।

**15.** आप उपभोक्ता आगमन संख्या (consumer footfall) से क्या समझते हैं ? *1*

(A) उपभोक्ताओं का व्यवहार
(B) उत्पादों की संख्या
(C) एक स्टोर पर जाने वाले उपभोक्ताओं की संख्या
(D) उपभोक्ता उत्पाद

**16.** एक मिनरल पानी की बोतल खरीदते समय उपभोक्ताओं को कौन-से मानक चिह्न की जाँच करनी चाहिए ? *1*

(A) आई.एस.आई.
(B) एफ.पी.ओ.
(C) एगमार्क
(D) एगमार्क और एफ.पी.ओ.

**17.** निवारण के अधिकार का क्या अर्थ है ? उपभोक्ताओं को अधिकार है *1*

i. जोखिम उत्पादों से बचाव हो

ii. उत्पाद की गुणवत्ता के विषय में उन्हें बताया जाए

iii. उनकी सही शिकायत का उचित निपटान किया जाए

iv. क्षतिपूर्ति प्राप्त करना

सही विकल्प चुनिए :

(A) i और ii

(B) iii और iv

(C) iv और i

(D) ii और iii

**18.** विक्रेता, अपने ग्राहकों को धोखा देने के लिए, इनमें से कौन-सी कुचालें अपना सकते हैं ? *1*

i. मानक चिह्न में लाइसेंस संख्या है

ii. खोखले वज़न का उपयोग करके

iii. उभरे हुए तले वाले मापन पात्र का उपयोग करके

iv. एम.आर.पी. (MRP) से अधिक पैसे न लेना

v. कपड़े को मापने के लिए मेज का उपयोग करना

सही विकल्प चुनिए :

(A) i, iv और ii

(B) iii, iv और ii

(C) iv, v और i

(D) ii, v और iii

केस स्टडी 2 (प्र.सं. 19 से 21)

पेशेवर नैदानिक पोषण विशेषज्ञ पोषण देखभाल प्रक्रिया के लिए एक व्यवस्थित और तार्किक दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं । वह प्रत्येक रोगी की आवश्यकताओं पर ध्यान देते हैं । इसके अलावा, पोषण और आहार चिकित्सा का उपयोग विस्तृत श्रेणी के रोगियों के समग्र स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए किया जाता है ।

**19.** (a) आपका मित्र गुर्दे की विफलता से पीड़ित है । आहार विशेषज्ञ उसे __________ आहार नहीं देंगे । *1*

(A) वसा में कम

(B) ऑक्सेलेट्स से भरपूर

(C) सोडियम में कम

(D) प्रोटीन में कम

**अथवा**

(b) आपका मित्र उच्च रक्तचाप से पीड़ित है । आहार विशेषज्ञ उसके आहार में ___________ की मात्रा कम कर देंगे । *1*

(A) कैल्शियम

(B) प्रोटीन

(C) लोह (आयरन)

(D) सोडियम

**20.** (a) आहार विशेषज्ञ ने आपको अपने भाई को नरम आहार देने के लिए कहा है । आप उसे क्या परोसेंगे ? *1*

(A) फलों का रस
(B) खिचड़ी
(C) लस्सी
(D) नारियल पानी

**अथवा**

(b) आपकी माँ का कल ऑपरेशन हुआ है । आहार विशेषज्ञ ने उन्हें तरल आहार देने को कहा है । आप उन्हें क्या देंगे ? *1*

(A) गाढ़ा टमाटर का सूप
(B) पतली खिचड़ी
(C) ताज़े संतरे का रस
(D) छाना हुआ दाल का पानी

**21.** तैयार मृदुआहार, आहार विशेषज्ञ द्वारा बुज़ुर्ग रोगियों को सुझाए जाते हैं जिन्हें __________ की समस्या हो । *1*

(A) चबाने में कठिनाई
(B) कब्ज़
(C) उच्च रक्तचाप
(D) अतिसार

## खण्ड ग

**22.** वस्त्रों की देखभाल और रखरखाव के दो पहलुओं को संक्षिप्त में समझाइए । *2*

**23.** हस्तशिल्प उद्योग की किन्हीं दो चुनौतियों का उल्लेख कीजिए । इस उद्योग को पुनर्जीवित करने में सरकार किन दो तरीकों से मदद करने की कोशिश कर रही है ? *2*

**24.** (a) खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने में HACCP (एच.ए.सी.सी.पी.) की भूमिका स्पष्ट कीजिए । *2*

**अथवा**

(b) कोडेक्स (CODEX) और आई.एस.ओ. (ISO) के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए । *2*

**25.** (a) विकास संचार की कोई चार मुख्य विशेषताएँ बताइए । *2*

**अथवा**

(b) एक अभियान से आप क्या समझते हैं ? यह प्रभावी क्यों हैं ? *2*

**26.** प्रारंभिक बाल्यावस्था के व्यावसायिकों में कौन-से चार कौशलों को देख कर आप उन्हें नियुक्त करेंगे ? *2*

**27.** आप एक अस्पताल में नैदानिक चिकित्सक हैं । मरीजों की पोषण-संबंधी देखभाल के लिए आप कौन-सी चार गतिविधियाँ अपनाएँगे ? *2*

**28.** प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के मूल उद्देश्य बच्चे का समग्र विकास और विद्यालय के लिए तैयारी है । इस कथन की पुष्टि तीन-तीन उदाहरणों की सहायता से कीजिए । *3*

**29.** (a) होटलों और अस्पतालों के धुलाई घरों के धुलाई कार्य की प्रक्रियाओं के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए । *3*

**अथवा**

(b) (i) धुलाई मशीनों में, आलोड़न (agitation) और अवपातन (tumbling) के तरीकों से कपड़े कैसे साफ़ होते हैं ?

(ii) अपने घर के लिए आप कौन-से शुष्कक का चयन करेंगे ? क्यों ? *3*

**30.** (a) चित्र की मदद से साड़ी और ब्लाउज पोशाक में लय बनाने के कोई दो तरीके दर्शाइए ।

(b) एक छोटे कद की लड़की के लिए एक सलवार कमीज़ के लिए उपयुक्त प्रिंट और बनावट का सुझाव दीजिए ।

(c) अपनी पोशाक के लिए रंगों का चयन करते समय आप किन चार कारकों का ध्यान रखेंगे ? संक्षेप में समझाइए । *4*

**31.** (a) सभी बच्चे संवेदनशील होते हैं, लेकिन कुछ बच्चे दूसरों की अपेक्षा अधिक संवेदनशील होते हैं । इसके चार कारण क्या हो सकते हैं ? एस.ओ.एस. (SOS) गाँव इन बच्चों की किन चार तरह से मदद करता है ? *4*

**अथवा**

(b) भारत में युवाओं के संवेदनशील होने के कोई चार कारण पहचानिए । नेहरू युवा केंद्र इन युवाओं की, किन चार तरह से मदद करता है ? *4*

**32.** *स्टेफिलोकोकस (Staphylococcus)* से आपके परिवार में किन चार तरीकों से बीमारी फैल सकती है ? इस संक्रमण को रोकने के लिए, अपने रसोइये को कोई चार तरीके सुझाइए । *4*

**33.** सुरेश को एक सहायक व्यवस्थापक के रूप में नियुक्त किया गया है । उसके अधीन कौन-कौन काम करेंगे ? उन सब को वह क्या-क्या ज़िम्मेदारियाँ सौंपेंगे ? *4*

**34.** निम्नलिखित खाद्यों से आप क्या समझते हैं ? प्रत्येक का एक-एक उदाहरण दीजिए । *5*

(a) फार्मूलाबद्ध खाद्य
(b) संश्लेषित खाद्य
(c) खाद्य व्युत्पन्न
(d) चिकित्सीय खाद्य
(e) विनिर्मित खाद्य

**35.** स्वास्थ्य कार्यकर्ता के नाते, आपने पाया कि गाँव के अधिकांश बच्चों की त्वचा पीली है ।

(a) आपके विचार में वे किस रोग से पीड़ित हैं ?

(b) यदि उन्हें समय पर उपचार न दिया जाए, तो उनके स्वास्थ्य पर होने वाले कोई अन्य तीन दुष्परिणाम क्या हो सकते हैं ?

(c) उनके अभिभावकों को पोषण-आधारित और आहार-आधारित कार्यनीतियाँ के बारे में जागरूक कीजिए, जिनसे वे अपने बच्चों का स्वास्थ्य सुधार सकें ।

(d) ऐसे बच्चों के लिए हमारे देश में कौन-से दो सरकारी कार्यक्रम संचालित हैं ? *5*

**36.** (a) (i) फ़ैशन उद्योग में व्यापार (मर्चेन्डाइज़िंग) किन तीन स्तरों पर होता है ? विस्तार से समझाइए ।

(ii) सफल होने के लिए, एक व्यापारी (मर्चेन्डाइज़र) में कौन-से दो कौशल होने चाहिए ? *5*

**अथवा**

(b) (i) लक्षित बाज़ार से आप क्या समझते हैं ?

(ii) बाज़ार को किन चार प्रकार से विभाजित किया जा सकता है ? विस्तार से समझाइए । *5*